वाट्सएप @ 94140-78380, 92140-78380 | वर्ष :2 अंक : 350 बुधवार 19 अप्रैल 2023 | दैनिक ई-पेपर

# शाबाश इंडिया

@ShabaasIndia | प्लॉट नंबर 8, ओझा जी का बाग, गांधी नगर मोड, टोंक रोड, जयपुर

# पायलट-गुढ़ा के बयानों पर रिपोर्ट तैयार

## फीडबैक बैठक में गहलोत-डोटासरा ने प्रदेश प्रभारी रंधावा से की बात

**जयपुर. कासं**

राजस्थान के पूर्व डिप्टी सीएम सचिन पायलट और मंत्री राजेंद्र गुढ़ा के बयानों पर प्रदेश कांग्रेस ने रिपोर्ट तैयार की है। मंगलवार को इसे प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को सौंप दी है। विधायकों के साथ कांग्रेस वॉर रूम में हुई फीडबैक बैठकों के दौरान सीएम अशोक गहलोत और प्रदेश अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा ने रंधावा के साथ पायलट और गुढ़ा के बयानों पर चर्चा की। साथ ही, इनसे जुड़ी मीडिया रिपोर्ट्स की पूरी फाइल बनाकर सौंप दी है। प्रदेश कांग्रेस की रिपोर्ट में पायलट के धुआं निकालने वाले बयान भी शामिल हैं। गुढ़ा ने भी सोमवार को हाईकमान को खुला चैलेंज दिया था। कुछ बयानों के वीडियो भी दिए गए हैं। बताया जाता है कि प्रदेश कांग्रेस ने सचिन पायलट के खेतड़ी की सभा में दिए भाषण और बयानों पर रिपोर्ट तैयार की है। यह रिपोर्ट प्रदेश प्रभारी सुखजिंदर सिंह रंधावा को दी गई है। इस रिपोर्ट में पायलट के बयानों का ब्यौरा है। फीडबैक बैठकों में गए कुछ विधायकों ने भी पायलट के बयानों वाले दस्तावेज देखने का दावा किया। प्रदेश कांग्रेस की तरफ से जारी फीडबैक बैठक के कुछ फोटो में भी दस्तावेज दिख रहे हैं। सचिन पायलट ने खेतड़ी की सभा में सीएम अशोक गहलोत का नाम लिए बिना निशाना साधते हुए कहा था- मैं जब विरोध करता हूं तो ऐसा विरोध करता हूं कि धुआं निकाल देता हूं। मैंने कभी किसी के प्रति ओछी भाषा का इस्तेमाल नहीं किया। अपशब्द बोलना, ओछी भाषा बोलना यह न मैंने पहले किया और न आगे करने वाला हूं। मैंने करप्शन को लेकर सात दिन पहले अनशन किया था। आज सप्ताह भर बाद भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। प्रदेश का नौजवान साफ राजनीति चाहता है। हम जिन मुद्दों पर भाषण देकर जनता से वादे करके वोट लेकर जीते उन पर कार्रवाई करनी ही पड़ेगी।



### गुढ़ा ने दी थी हाईकमान को चुनौती

सोमवार को खेतड़ी में शहीद की प्रतिमा अनावरण के बाद हुई सभा में मंत्री राजेंद्र गुढ़ा ने मंच से हाईकमान को चैलेंज किया था। गुढ़ा ने कहा था- अगर किसी ने मां का दूध पिया है, तो वह सचिन पायलट पर अनुशासन की कार्रवाई करके दिखाएं। छठी का दूध याद आ जाएगा। राजेंद्र गुढ़ा पर अनुशासन की कार्रवाई करनी है तो कभी कर देना, हम तो तैयार हैं। गुढ़ा ने साफ शब्दों में पार्टी हाईकमान को चैलेंज किया था।

### पायलट के बयानों पर अब खास निगरानी

सचिन पायलट पिछले रविवार से ही हमलवार हैं। पहले पायलट ने बीजेपी राज के भ्रष्टाचार पर कार्रवाई नहीं करने का मुद्दा उठाकर 11 अप्रैल को जयपुर के शहीद स्मारक पर अनशन किया। प्रभारी रंधावा ने पायलट के अनशन को पार्टी विरोधी गतिविधि बताते हुए बातचीत का आग्रह करते हुए बयान जारी किया था। रंधावा के इस बयान को लेकर कांग्रेस में ये चर्चाएं शुरू हो गई थीं कि पायलट को नोटिस मिल सकता है। बाद में बीच का रास्ता निकाला गया। अब कांग्रेस में पायलट के बयानों पर खास निगरानी की जा रही है। दिल्ली में 2 दिन बैठकों का दौर भी चला था। इन बैठकों में तय किया गया कि पायलट मसले पर फिलहाल कुछ नहीं किया जाएगा। कर्नाटक चुनाव को भी इसका कारण माना जा रहा है।

---

**आवासन आयुक्त ने ली अहम बैठक**

# प्रगतिरत आवासीय-व्यवसायिक और नवीन योजनाओं की प्रगति की समीक्षा

## नवीन 12 योजनाओं के कार्यों की समीक्षा करते हुए 13 योजनाओं की लॉटरी निकालने के भी दिए निर्देश

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

आवासन आयुक्त पवन अरोड़ा ने मंगलवार को आवासन मंडल मुख्यालय ''आवास भवन'' पर अहम बैठक लेकर प्रदेश भर में चल रही विभिन्न प्रगतिरत आवासीय-व्यवसायिक और नवीन योजनाओं के कार्यों की समीक्षा की और आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। आवासन आयुक्त ने कहा कि प्रदेश के 17 शहरों में एक मार्च को लांच की गई नवीन आवासीय योजनाओं के प्रति लोगों ने खासा उत्साह दिखाया है। जयपुर शहर में अपार्टमेंट और विलाज के प्रति भी लोगों में गजब का आकर्षण देखने को मिला। उन्होंने 12 योजनाओं के तहत किए जा रहे कार्यों की समीक्षा की तथा 13 योजनाओं के लिए लॉटरी निकालने के निर्देश भी दिए। अरोड़ा ने लॉटरी से वंचित रहे उपभोक्ताओं की राशि तुरंत रिफंड करने के भी निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि राजस्थान आवासन मण्डल ने विभिन्न योजनाओं के असफल आवेदकों की अमानत राशि को 72 घंटों में उनके खाते में ऑटोमैटिक भेजने का रिकॉर्ड कायम किया है। बुधवार नीलामी उत्सव में भी असफल आवेदकों की अमानत राशि महज 72 घण्टे में स्वतः ही रिफण्ड हो जाती है। उन्होंने इस प्रक्रिया को इन योजनाओं के साथ भी अमल में लाने के निर्देश दिए। आवासन आयुक्त ने शहरों में योजनाओं से सम्बन्धित हेल्प डेस्क को भी मजबूत करने के निर्देश दिए ताकि आमजन को आवेदन करने में किसी भी परेशानी का सामना ना करना पड़े।












# उल्लेखनीय कार्यों के लिए लॉयन सुरेन्द्र जैन व मृदुला पांडया सम्मानित






## लॉयन्स क्लब्स 3233ई-1 की रीजन कॉन्फ्रेंस 'अदिरा' होटल बेला कासा में संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दी इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ लॉयन्स क्लब्स 3233 ई-1 की रीजन कॉन्फ्रेंस 'अदिरा' होटल बेला कासा में लॉयन्स क्लब मेट्रो के आतिथ्य में सम्पन्न हुई। इस मौके पर रीजन चैयरपर्सन मृदुला जैन पांडया और उनके साथ सुरेन्द्र जैन पांडया लॉयन्स क्लब मेट्रो ने सम्मान किया। समारोह में डिस्ट्रिक्ट गर्वनर रोशन सेठी, फर्स्ट वीडीजी ओपी गग्गर, पीएमसीसी गोविन्द शर्मा पीडीजी एमजेएफ लॉयन सुमेर जैन रांवका, लॉयनेस प्रभा सिंघी व अंजना जैन भी मौजूद रहे। कॉन्फ्रेंस में जोन चेयरपर्सन राजेन्द्र सेठी, लॉयन दिलीप जैन आदि ने क्लब की सेवाओं के बारे में बताया। इसके अलावा कॉन्फ्रेंस में रीजन चेयरपर्सन मृदुला जैन ने पूरे साल किए रक्तदान शिविर, देहदान, गरीबों को भजन वितरण आदि सेवा कार्यों क जानकारी दी। इस दौरान दी इंटरनेशनल एसोसिएशन आफ लॉयन्स क्लब्स की ओर से लॉयन्स क्लब मेट्रो की ओर से सुरेन्द्र डिग्गीवाल, नेमि पाटनी, मृदुला जैन पांडया और सुरेन्द्र जैन पांडया का सम्मान किया गया। इसके अलावा लॉयन्स क्लब रीजन चेयर पर्सन मृदुला जैन को लाइफटाइम अचीवमेंट अवार्ड से सम्मानित किया गया। टीटीरीजन संयोजक व सेवानिवृत आईपीएस अनिल जैन ने सभी का स्वागत व कुसुम सौगानी ने सभी का आभार ज्ञापित किया।

# राज्यपाल आसाम गुलाबचंद कटारिया साहब के समक्ष राजभवन में चावल पर नीरू छाबड़ा ने अपनी कला का प्रदर्शन किया





**गोहाटी. शाबाश इंडिया।** चांवल पर सूक्ष्म लेखन कलाकार , श्रीमती निरु छाबड़ा अपने परिजनों और इष्ट मित्रों के साथ पूर्वोत्तर की 15 दिवसीय यात्रा पर हैं । यात्रा के दौरान वे आसाम की राजधानी गोहाटी पहुंची और राज्यपाल आसाम गुलाबचंद कटारिया साहब के समक्ष राजभवन में चावल पर अपनी कला का प्रदर्शन किया। कलाकार चांवल पर कैसे लिखती है यह देखकर, राज्यपाल महोदय ने कला की सराहना की और कहा "अभी तक तो सुना ही था, आज यह कला देख मन प्रसन्न हो रहा है"। साथ में उपस्थित रहे, तारा चंद सरावगी, प्रदीप छाबड़ा, रविंद्र बज, सुशील जैन, सुधीर पाटनी, प्रतिभा पाटनी, पूजा बज, अशोक उर्मिला वैद्य, संदीप जैन, उर्वशी जैन आदि ।






## वेद ज्ञान

### धर्म की कसौटी...

विचार, साधना और कर्म मानव जीवन के प्रमुख रूप से तीन अंग हैं। इनके फलस्वरूप मनुष्य विचारक, साधक और कर्मठ कहा जाता है। साधना और कर्म में अंतर है। जीवन के समस्त व्यापार अच्छे और खराब कर्म को कहते हैं। जब मनुष्य कर्मधारा को विशेष सद्दिशा में दृढ़ता से मोड़कर उसमें एकाग्रचित्त रहकर ध्यान जमाता है तब वहां उसका साधक स्वरूप दिखाई देता है। साधना के क्षेत्र में मन का बड़ा महत्व है। इसके चलते विचरण करते मन को स्थिर करके ही साधना में रत हुआ जाता है। एक मनुष्य में ये तीनों स्वरूप मिल सकते हैं। कोई अधिक विचारक हो सकता है तो कोई अधिक साधक अथवा अधिक कर्मठ। अधिक विचारक को दार्शनिक भी कहा जाता है। शंकराचार्य का अद्वैत विचारवाला रूप विचारक या दार्शनिक का है। गोविंद भक्ति अथवा संन्यासरत स्वरूप साधक का है। पानी में डूबते समय माता से धर्मप्रचार की आज्ञा मांगने वाला रूप कर्मी या कर्मशील पुरुष का है। विनय पत्रिका में माया तथा मानस में नाम और राम का विवेचन करने वाले तुलसीदास जी विचारक या दार्शनिक हैं। बिंदुमाधव की छवि निहारने वाले, सत्संगनिरत और एकाग्रमन से विनयपत्रिका लिखने वाले तुलसीदास साधक स्वरूप हैं। दुखों से संघर्ष करने वाले, शैवों की उपेक्षा को हंसकर टालने वाले और मित्र टोडरमल के स्वर्गधाम गमन के उपरांत उनके पुत्रों को प्रबोध प्रदान करने वाले तुलसीदास कर्मठ स्वरूप ही हैं। मनुष्य की भांति राष्ट्र, साहित्य और धर्म के भी तीन स्वरूप होते हैं। प्रत्येक संप्रदाय, मत, जाति और समाज में ये तीनों अंग दर्शन, साधना तथा व्यवहार रूप में देखे जा सकते हैं। कोई मत या धर्म दर्शन-प्रधान हो जाता है तो कोई साधना या व्यवहार प्रधान। हिंदू धर्म दर्शन-प्रधान है। इसमें साधना भी बहुत फैली, लेकिन अब न साधना है और न व्यवहार। हालांकि साधना के नाम पर लोग कभी-कभी राम स्मरण कर लेते हैं, लेकिन देखा जाए तो दूसरों के हित के समान विश्व में कोई धर्म ही नहीं है और इसी प्रकार दूसरों को पीड़ा देने के समान अधर्म या पाप नहीं है। धर्म की ऐसी कल्याणकर और संपन्न परिभाषा मुश्किल से प्राप्त होती है। धारण करने वाला गुण ही तो धर्म है।

## संपादकीय

# बेहद शर्मनाक है आधुनिक जमाने की दास्ता...

आधुनिक दासता यानी जबरन मजदूरी, वह चाहे किसी भी रूप में हो, मानवता के विरुद्ध अपराध है। इसलिए भारत जैसे देश में इसके उन्मूलन की तत्काल आवश्यकता है। इसका अंतिम लक्ष्य एकीकृत और न्यायपूर्ण समाज की स्थापना है, जो सभी के लिए समान अवसर और बुनियादी तौर पर न्यूनतम मजदूरी के साथ व्यक्तिगत अधिकार और स्वतंत्रता प्रदान करे। हमारे देश में जबरन श्रम, बेगारी का मुद्दा मूलतः व्यापक कृषि समस्या का एक हिस्सा है। आज भी दुनिया भर में पांच करोड़ से ज्यादा लोग आधुनिक किस्म की गुलामी में कैद हैं। आधुनिक लोकतंत्र में गुलामी का यह कलंक है बेगारी यानी जबरन श्रम, जिस पर संयुक्त राष्ट्र के अंतरराष्ट्रीय श्रम संगठन और यूरोपीय कमीशन की एक ताजा रिपोर्ट में खुलासा किया गया है कि सात साल पहले तक दुनिया भर में, जो करीब 2.80 करोड़ लोग जबरन श्रम वाली स्थितियों में काम कर रहे थे, अब उनकी संख्या में दस गुना (28 करोड़ से ज्यादा) इजाफा हो चुका है। इस रिपोर्ट का एक अत्यंत महत्त्वपूर्ण निष्कर्ष यह भी है कि यह मानवाधिकारों का उल्लंघन है। दुनिया में लगभग 4.03 करोड़ लोग आधुनिक गुलामी का शिकार हैं, जिनमें से 2.49 करोड़ लोगों से जबरन मजदूरी कराई जा रही है। हमारे देश में भी ऐसे हजारों बंधुआ मजदूर हैं, जो घरेलू श्रमिक, कपड़े धोने, खाना पकाने, बच्चों की देखभाल करने, बागवानी आदि के काम करते हैं। उन्हें मामूली मजदूरी दी जाती है, वह भी समय पर नहीं। बहुत सारे मजदूरों को तो मजदूरी के बदले मात्र खाना, कपड़ा और आवासीय सुविधा दी जाती है। एक अनुमान के मुताबिक, पूरी दुनिया में कम से कम 6.8 करोड़ महिलाएं और पुरुष घरेलू नौकर के रूप में कार्यरत हैं। इनमें भी गांवों से विस्थापित लगभग अस्सी फीसद लड़कियां और महिलाएं हैं। कानूनी परिधि में इन्हें श्रमिक के बजाय मददगार बता दिया जाता है। ये न्यूनतम वेतन, कानूनी समझौता, स्वास्थ्य देखभाल, छुट्टियों, सामाजिक सुरक्षा, मातृत्व लाभ आदि से वंचित होते हैं। आधुनिक विश्व में करोड़ों लोग गैरकानूनी ह्यजबरन श्रमह्व से प्रभावित हैं। ये अक्सर उन उद्योगों में भी पाए जाते हैं, जिनमें बड़ी संख्या में श्रमिक होते हैं, लेकिन विनियमन कम होता है। ये ज्यादातर कृषि, मत्स्य पालन, निर्माण, खनन, खदान, ईंट भट्टे, विनिर्माण, पैकेजिंग, वेश्यावृत्ति और यौन शोषण, बाजार व्यापार के साथ ही आपराधिक अवैध गतिविधियों में इस्तेमाल किए जा रहे हैं। हमारे देश में प्रवासी श्रमिकों के रूप में गरीब, दलित, आदिवासी, अल्पसंख्यक समूहों को निशाना बनाया जाता है। इस तरह देखें तो, इक्कीसवीं सदी में भी गुलामी खत्म नहीं हुई है, सिर्फ इसका स्वरूप बदला हुआ है। मूल्य चुकाए बिना श्रम कराने की प्रथा बेगार है। राष्ट्र संघ भले वर्ष 2030 तक मानव तस्करी, जबरन मजदूरी, बाल श्रम और गुलामी को खत्म करने के लिए प्रतिबद्ध हो, सामंती, साम्राज्यवादी और अफसरशाही की शक्तियां डंके की चोट पर समाज के कमजोर लोगों से बेगार करवा रही हैं।



**-राकेश जैन गोदिका**

## परिदृश्य

# प्राकृतिक खेती...

उत्पादन और मूल्य प्राप्ति में अनिश्चितता की वजह से किसान उच्च लागत वाली कृषि के दुश्चक्र में फंस गया है। लगातार गिरता उत्पादन और फसलों में बढ़ती बीमारियां कृषि क्षेत्र की जटिलताओं को और बढ़ा रही हैं। इस स्थिति से किसानों को बाहर निकालने और उनके दीर्घकालिक कल्याण के लिए प्राकृतिक खेती की तरफ रुख करने से सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। उत्पादन और मूल्य प्राप्ति में अनिश्चितता की वजह से किसान उच्च लागत वाली कृषि के दुश्चक्र में फंस गया है। लगातार गिरता उत्पादन और फसलों में बढ़ती बीमारियां कृषि क्षेत्र की जटिलताओं को और बढ़ा रही हैं। इस स्थिति से किसानों को बाहर निकालने और उनके दीर्घकालिक कल्याण के लिए प्राकृतिक खेती की तरफ रुख करने से सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। उत्पादन और मूल्य प्राप्ति में अनिश्चितता की वजह से किसान उच्च लागत वाली कृषि के दुश्चक्र में फंस गया है। लगातार गिरता उत्पादन और फसलों में बढ़ती बीमारियां कृषि क्षेत्र की जटिलताओं को और बढ़ा रही हैं। इस स्थिति से किसानों को बाहर निकालने और उनके दीर्घकालिक कल्याण के लिए प्राकृतिक खेती की तरफ रुख करने से सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं। सरकार ने देश भर में प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए भारतीय प्राकृतिक कृषि पद्धति यानी बीपीकेपी को प्रश्रय देकर राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन की शुरूआत की है, ताकि किसान खेतों में रासायनिक खादों का उपयोग कम कर सकें राष्ट्रीय प्राकृतिक खेती मिशन के तहत पंद्रह हजार क्लस्टर यानी समूह विकसित करके साढ़े सात लाख हेक्टेयर क्षेत्र को इसकी परिधि में लाया जाएगा। प्राकृतिक खेती शुरू करने के इच्छुक किसानों को क्लस्टर सदस्य के रूप में पंजीकृत किया जाएगा और इसके साथ ही प्रत्येक क्लस्टर में पचास हेक्टेयर भूमि के साथ पचास या उससे अधिक किसानों को शामिल किया जाएगा। क्लस्टर एक गांव भी हो सकता है और उसमें दो-तीन आसपास के गांवों को भी शामिल किया जा सकता है। इस मिशन के तहत बुनियादी ढांचे के निर्माण के लिए तीन वर्ष तक प्रति वर्ष पंद्रह हजार रुपए प्रति हेक्टेयर की वित्तीय सहायता मिलेगी। इस वित्त पोषण में इस बात का ध्यान रखा जाएगा कि किसान प्राकृतिक खेती के लिए प्रतिबद्ध हों। अगर कोई किसान प्राकृतिक खेती का उपयोग नहीं करता है, तो उसे बाद की किस्तों का भुगतान नहीं किया जाएगा। इन सबके अलावा, प्राकृतिक खेती को बढ़ावा देने के लिए क्रियान्वयन ढांचे, संसाधनों, क्रियान्वयन की प्रगति, किसान पंजीकरण, ब्लाग आदि की जानकारी प्रदान करने वाला एक वेब पोर्टल भी शुरू किया गया है। देश में गैर-रासायनिक खेती को प्रोत्साहित करने के लिए खरीद पर भले जोर दिया जा रहा हो, पर हकीकत में सारे प्रयास अभी तक आधे-अधूरे हैं। सरकार ने 2022 तक किसानों की आय दोगुनी करने का लक्ष्य रखा था, लेकिन इसमें अभी तक कोई विशेष सफलता हाथ नहीं लगी है। उत्पादन और मूल्य प्राप्ति में अनिश्चितता की वजह से किसान उच्च लागत वाली कृषि के दुष्चक्र में फंस गया है। लगातार गिरता उत्पादन और फसलों में बढ़ती बीमारियां कृषि क्षेत्र की जटिलताओं को और बढ़ा रही हैं। इस स्थिति से किसानों को बाहर निकालने और उनके दीर्घकालिक कल्याण के लिए प्राकृतिक खेती की तरफ रुख करने से सकारात्मक परिणाम मिल सकते हैं।

## जैन सोशल ग्रुप संगिनी जयपुर का नॉर्दन रीजन में शपथ ग्रहण समारोह आयोजित

# मीना चौधरी बनी संगिनी नॉर्दन रीजन की पीआरओ




**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप संस्कार द्वारा प्रायोजित जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन नॉर्दन रीजन का वैशाली नगर स्थित ज्वैल्स रिसोर्ट एंड वेंकट में आयोजित शपथ ग्रहण समारोह मे जैन सोशल ग्रुप संगिनी संस्कार की संस्थापक अध्यक्ष श्वेता लुणावत को कन्वीनर नॉर्दर्न रीजन संगिनी फोरम, संगिनी हेरिटेज की संस्थापक अध्यक्ष शालिनी जैन को जोन कोऑर्डिनेटर संगिनी फॉरम संगिनी कैपिटल की संस्थापक अध्यक्षा विनीता -दर्शन जैन कोऑर्डिनेटर संगिनी फोरम पद पर, संगिनी कोटा की संस्थापक अध्यक्षा श्रीमती बीना बिलाला को जॉन कोऑर्डिनेटर संगिनी फारम नॉर्दन रीजन, संगिनी कैपिटल की निवर्तमान अध्यक्ष मीना-सुनील जैन चौधरी को कोऑर्डिनेटर पी.आर.ओ ग्रीटिंग संगिनी फोरम पद की शपथ दिलाई गई। कार्यक्रम में कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित थे , संस्कार ग्रुप के संस्थापक अध्यक्ष महेंद्र सिंघवी ने नॉर्दर्न रीजन के चेयरमैन पद की एवम सिद्धार्थ जैन ने सचिव पद की शपथ ग्रहण करी ।शपथ मंत्री प्रताप सिंह खाचरियावास और डॉ सुधीर भंडारी के द्वारा कराई गई।


## संगिनी फॉरएवर ग्रुप की एक दिवसीय धार्मिक यात्रा आयोजित



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

संगिनी फॉरएवर ग्रुप की एक दिवसीय धार्मिक यात्रा को सुरेंद्र पांड्या, अनिल जैन आईपीएस, राजेश बड़जात्या तथा श्रीमती सीमा बड़जात्या द्वारा हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। सभी अतिथियों का ग्रुप अध्यक्ष शकुंतला बिंदायका, सचिव सुनीता गंगवाल कोषाध्यक्ष, उर्मिला उपाध्यक्ष अर्चना धार्मिक मंत्री अलका , शीला, अनीता बिंदायका, बबीता आदि के द्वारा तिलक लगाकर माला पहनाकर दुपट्टा पहनाकर एलेतालियों के साथ सम्मान किया तत्पश्चात बस को रवाना किया गया।


# श्री कमल-श्रीमती मंजू ठोलीया



दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सांस्कृतिक सचिव

की वैवाहिक वर्षगांठ

(१९ जनवरी) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाऐं

Happy Anniversary

शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,

**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# आचार्य 108 सौरभ सागर जी महाराज को जयपुर चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया



**इटावा. शाबाश इंडिया।** गणाचार्य 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज के सुयोग्य शिष्य पूज्य आचार्य 108 सौरभ सागर जी महाराज को जयपुर के समाजजनों द्वारा जयपुर में 2023 का चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया गया, सौरभ सागर भक्त परिवार के गजेंद्र बड़जात्या (टिल्लू भईया) ने बताया कि इटावा में आचार्य 108 पुष्पदंत सागर जी महाराज के संघ प्रवासरत आचार्य 108 सौरभ सागर जी महाराज को जयपुर शहर से बसों द्वारा इटावा शहर यूपी पहुंचे भक्तो ने आचार्य संघ के 2023 के जयपुर चातुर्मास हेतु श्रीफल भेंट किया, इस अवसर पर राजस्थान जैन सभा के जिनेन्द्र गंगवाल, प्रताप नगर सेक्टर 8 जैन मंदिर पूर्वअध्यक्ष रमेश जैन, मंत्री महेंद्र जैन पचाला, बाबू लाल जैन ईटून्दा, दुगार्लाल जैन नेताजी, समाज श्रेष्ठि कमलेश कासलीवाल, नरेंद्र छाबड़ा, मनीष जैन, नंदकिशोर जैन, मनोज बाकलीवाल, राजेंद्र सोगाणी सहित अनेक गणमान्य लोग उपस्थित रहे, इस अवसर पर आचार्य 108 सौरभ सागर जी महाराज ने जयपुर चातुर्मास हेतु संभावना व्यक्त की।

# जीव दया की भावना के साथ जीवन जिएं : मुनि श्री आदित्यसागरजी

**राजेश जैन दद्दू. शाबाश इंडिया**



इंदौर। आज अपने नाम के साथ जैन लिखने वाले बहुत हैं लेकिन उनके दैनिक जीवन और व्यवहार में जैनत्व के सिद्धांत और जैन जीवन शैली के अनुरूप आचरण दिखाई नहीं देता जो चिन्तनीय और विचारणीय है। यह उद्गार आज श्रुत संवेगी मुनिश्री आदित्य सागर जी महाराज ने पार्श्वनाथ दिगंबर जैन पंचायती मंदिर अंजनी नगर के तत्वाधान में चंदा प्रभु मांगलिक भवन में आयोजित धर्म सभा में व्यक्त किए। आपने कहा कि सभी जीवो को अपने प्राण प्रिय हैं और जैनत्व की पहली शर्त है अहिंसा और करुणा एवं एकेन्द्रीय से लेकर पंचेंद्रीय तक सभी जीवो के प्रति दया, करुणा और उनकी रक्षा का भाव रखना। अहिंसा धर्म के पालन और जीवो की रक्षा के लिए यदि अपने प्राणों का त्याग भी करना पड़े तो संकोच मत करना। आपने जीव दया की भावना के साथ जैन जीवन शैली अनुरूप जीवन जीने की प्रेरणा देते हुए कहा कि जो व्यक्ति जीवो के प्रति दया अहिंसा और करुणा एवं उनके प्राणों की रक्षा का भाव रखता है और जैनत्व के सिद्धांतों के अनुसार नियम संयम पूर्वक जीवन जीता है वह परम पद को प्राप्त होता है। मुनि श्री ने आगे कहा कि अपने चिंतन की धारा बदलो और द्रव्य हिंसा और भाव हिंसा से बचो, रात्रि भोजन एवं अभक्ष्य खाद्य पदार्थों का त्याग करो। प्रारंभ में अचार्य श्री विशुद्ध सागर जी के चित्र के समक्ष दीप प्रज्वलन हंसमुख गांधी एवं अंजलि नगर जिनालय के ट्रस्टीयों ने किया, मुनि श्री के पाद प्रक्षालन लीड्स रेसीडेंसी के सदस्यों ने किए एवं शास्त्र भेंट अंबिकापुरी के श्रावकों ने किए। इसअवसर पर डॉक्टर जैनेंद्र जैन, टी के वेद, देवेंद्र सेठी राजेंद्र नायक आदि ने श्रीफल भेंट कर आशीर्वाद प्राप्त किया धर्म सभा के संचालन देवेंद्र सोगानी ने किया। प्रचार प्रमुख राजेश जैन दद्दू ने बताया कि मुनि श्री के प्रवचन चंदा प्रभु मांगलिक भवन अंजनी नगर में 23 तारीख तक प्रतिदिन प्रातः8:30 होंगे।

# आर्यिका वर्धस्व नंदनी को वात्सल्य प्रतिमूर्ति की उपाधि समर्पित



**श्री महावीर जी. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत के अतिशय क्षेत्र श्री महावीर जी मे रविवार को आयोजित प्रथम वृहद प्रांतीय अधिवेशन में परम पूज्य आर्यिका वर्धस्व नंदनी माताजी को ''वात्सल्य प्रतिमूर्ति'' की उपाधि समर्पित की गई। पूज्य माताजी के कंठ में साक्षात सरस्वती का वास है, एक बार जो माताजी की मधुर वाणी का श्रवण कर ले वो स्वयं को धन्य समझने लगता है। माताजी के व्यवहार में गुरुवर आचार्य श्री वसुनंदी जी महाराज की भांति वात्सल्य का अनुपम संगम दृष्टिगोचर होता है। प्रदेश अध्यक्ष पदमचंद जैन बिलाला व महामंत्री सुनील पहाड़िया ने कहा कि माताजी सरल,सहज,भक्तों के प्रति वात्सल्य तो रखती ही हैं साथ ही प्रवचन शैली, आर्यिकाचर्या सब कुछ उत्कृष्ट है।


# श्री अजय - श्रीमती आशा गोधा



दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ (१९ जनवरी) पर




हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं



शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,

**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव जर्मनी के मनायम शहर में उत्साह पूर्वक मनाया गया





**प्रकाश पाटनी. शाबाश इंडिया**

जर्मनी। जर्मनी के मनायम शहर में 15 अप्रैल शनिवार को प्रवासी जैन भारतीय समुदाय ने भगवान महावीर का जन्म कल्याणक महोत्सव बड़े हर्षोल्लास व उत्साह पूर्वक मनाया। इस अवसर पर जर्मनी के मनायम, फ्रेंकफर्ट, म्युनिख, हैम्बर्ग शहरों व 500 किलोमीटर की परिधि में रहने वाले 200श्रावक- श्राविकाओं ने भाग लिया। कार्यक्रम के शुभारंभ में अंकित, अमित, विशाल, व शैलेन्द्र व ग्यारह वर्षीय आरव जैन ने भगवान आदिनाथ, शांतिनाथ अन्य प्रतिमाओं पर अभिषेक व शांति धारा की। श्रीमती शाहिली व कृपा जैन के निर्देशन में पूजा- अर्चना कर अर्घ समर्पण किए। इस अवसर पर मनायम शहर के मेयर क्लाउज प्राइसलर व कान्सलर अनिल कुमार मुख्य अतिथि थे। इन्होने भगवान महावीर के सिद्धान्तों के अनुसरण पर चलने का आह्वान किया। इसके बाद चौबीस तीर्थंकर की प्रतिमा के साथ श्रावक- श्राविकाओं ने एक रैली का आयोजन किया।जिसमें जैन पताका व महावीर स्वामी के सन्देश के बैनर लिए समाज के लोगों ने भजन गायन करते हुए चल रहे थे। रैली के पश्चात बच्चों व महिलाओं ने भक्ति- भाव से नृत्य कर महोत्सव के चार चांद लगाए। इस अवसर पर बच्चों को पुरस्कार वितरण कर उत्साहवर्धन किया। आयोजन में अर्पित, श्रेयांस, सिद्धान्त, विनीत, प्रदीप व समाज के प्रबुद्ध वर्ग ने सक्रिय योगदान दिया।इस अवसर पर आगंतुक श्रावक-श्राविकाओं ने मनायम में जैन मंदिर बनाने का संकल्प लिया। अन्त में सभी ने सामुहिक स्नेह भोज में शामिल होकर पुनः ऐसे आयोजन व जैन धर्म के प्रचार-प्रसार का संकल्प लिया।

# भारतीय जीवन बीमा निगम में राजकीय विद्यालयों के विद्यार्थियों ने कार्यप्रणाली को सीखा



**कुई इंदा. शाबाश इंडिया।** नवीन राष्ट्रीय शिक्षा नीति 2020 के तहत पांच दिवसीय इंटर्नशिप के अंतर्गत विद्यार्थियों को समाज के विभिन्न क्षेत्रों के व्यवहारिक ज्ञान प्रदान करने के लिए पहल की गई। इसी क्रम में राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय कुई इंदा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय भानगढ़, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय नयाबेरा, राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय धर्मादिया बेरा, राजकीय उच्च प्राथमिक विद्यालय अजबार से 21 बालिकाओं को चयनित किया गया है, और भारतीय जीवन बीमा निगम के संबंधित विभिन्न कार्यक्रमों व क्रियाकलापों से परिचित होने का अवसर दिया जा रहा है। भारतीय जीवन बीमा निगम के. शाखा प्रबंधक के. आर. पालीवाल ने अपने संस्थान के प्रोसेस के बारे में काफी विस्तृत तौर पर इन सभी विद्यार्थियों को जानकारी उपलब्ध करवाई। उपरोक्त विद्यालय भारती फाउंडेशन के सत्य भारती क्वालिटी सपोर्ट कार्यक्रम के अंतर्गत समर्थित हैं, जिसमें बालिकाओं को विभिन्न गतिविधियों में भाग लेने का अवसर प्रदान किया जाता है।


# श्री सुरेश-श्रीमती रीटा सोगानी



दिगम्बर जैन सोशल ग्रुप सन्मति के सम्मानीय सदस्य

की वैवाहिक वर्षगांठ (१९ जनवरी) पर

हार्दिक बधाई व शुभकामनाएं






शुभेच्छु

**अध्यक्ष:** राकेश-समता गोदिका,

**संरक्षक:** सुरेंद्र - मृदुला पांड्या, दर्शन - विनीता जैन, **परामर्शक:** दिनेश-संगीता गंगवाल

**कार्याध्यक्ष:** मनीष - शोभना लोंग्या, **सचिव:** अनिल - निशा संघी, **कोषाध्यक्ष:** अनिल - अनिता जैन

एवं समस्त सदस्य दिग. जैन सोशल ग्रुप सन्मति, जयपुर

# ग्रीष्म कालीन धार्मिक शिक्षण एवं संस्कार शिविर का आयोजन 21 से 28 मई तक



**जयपुर. शाबाश इंडिया।** दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल एवं राजस्थान अंचल स्थित सभी संभागो के पदाधिकारियों की मीटिंग शांति नाथ दिगम्बर जैन मंदिर मालवीय नगर में आयोजित हुई। सर्व प्रथम मालवीय नगर संभाग के अध्यक्ष अजीत जैन एवं मंत्री विजय कासलीवाल ने पधारे हुए सभी सम्माननीय सदस्यों का स्वागत एवं अभिनन्दन किया। इस अवसर पर दिगम्बर जैन महासमिति राजस्थान अंचल के अध्यक्ष अनिल जैन आईपीएस रिटायर्ड एवं महावीर जैन बाकलीवाल महामंत्री ने बताया कि धार्मिक शिक्षण एवं संस्कार शिविर रविवार दिनांक 21-5-2023 से 28-5-23तक राजस्थान स्थित ज्यादा से ज्यादा जैन मंदिरों में निःशुल्क लगाया जाय। संस्कार भाग प्रथम, द्वितीय एवं तृतीय को नये तरीके तीन पंडितों की सहमति से प्रकाशित की जाय। इसकी अध्यक्षता समाजश्रेष्ठी उत्तम कुमार पांड्या करेंगे। अध्यक्ष अनिल जैन ने पधारे हुए सभी सम्माननीय सदस्यों का स्वागत किया एवं महामंत्री श्री महावीर जैन बाकलीवाल ने आभार व्यक्त किया।

18 अप्रैल






## श्रीमती मोनिका जी कासलीवाल

### धर्मपत्नी श्री महावीर जी कासलीवाल

### जन्मदिन की हार्दिक शुभकामना व हार्दिक बधाई

इस दिन भगवान ने आपको जीवन दिया, हम आपको अपने जन्मदिन पर ईमानदारी से बधाई देते है। मन की शांति और सद्भाव, उज्ज्वल आशाओं और अटूट विश्वास की कामना करता है। भगवान के प्रति सच्चा प्यार आपको अच्छे कार्यों को पूरा करने के लिए शक्ति और प्रेरणा प्रदान करता है। आपकी सभी प्रार्थनाओं को सुना जाए, हर दिन आपके दरवाजे पर खुशियाँ दस्तक देती हैं, और आपका स्वभाव हमेशा दयामय बना रहे।

शुभेच्छु: मोनू-पूजा , गौरव-साक्षी, मयूर-सोनल, भारत-तिलक
एवम समस्त कासलीवाल परिवार

# पक्षियों के लिए बांधे परिंडे



**बाराँ. शाबाश इंडिया**

श्री दिगम्बर जैन महा समिति महिला संभाग बाराँ द्वारा मिट्टी के परांडे बांधे गए। अध्यक्षा चन्द्रकला सेठी के अनुसार गर्मी के तीखे तेवर देखते हुये ,पक्षियो के लिए पानी हेतु पक्षियो के लिए बांधे परिंडे। राष्ट्रीय उपाध्यक्ष ललिता टोंग्या ने बताया कि सभी सदस्याओ ने नित्य दिगम्बर जैन नसियां प्रांगण में जाकर परांडे में पानी भरने की बात कही। और इसी दिन ही संस्था धमार्दा धर्मशाला में आकर्षक ड्रेसकोड में जाकर मेले में भागीदारी निभाई। इन दोनों कार्यक्रम में कोषाध्यक्ष चन्द्र कला पाटनी, उषा बड़जात्या,पूर्व अध्यक्ष संतोष कासलीवाल, मंजू सोनी, लीना जैन, रूपकुमारी जैन,पूर्णिमा सेठी, मैना बड़जात्या सम्मानित प्रकाश टोंग्या,वीरेंद्र कासलीवाल आदि ने कार्यक्रम में हिस्सा लिया। मेले में पहुचने वाले सभी सदस्यों का नीतू गुप्ता व मधु गोयनका द्वारा तिलक व उपहार से स्वागत भी किया गया।

## आपके विचार

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक एवं सम्पादक राकेश जैन गोदिका द्वारा प्रकाशित दैनिक-ईपेपर 'शाबाश इंडिया' आम पाठक और समाज में जागरूकता फैलाने में सेतु का काम कर रहा है। आप अपने क्षेत्र के समाचार, आलेख, विचार आदि ई-मेल कर सकते हैं या निम्न नंबरों पर वाट्सअप कर सकते हैं।

सम्पादकः राकेश जैन गोदिका
@ 94140 78380, 92140 78380

दैनिक ई-पेपर
शाबाश इंडिया
shabaasindia@gmail.com
weeklyshabaas@gmail.com

# महेन्द्र पाटनी को जिन धर्म प्रचारक की उपाधि



**जयपुर. शाबाश इंडिया**

अखिल भारतवर्षीय धर्म जागृति संस्थान राजस्थान प्रांत का प्रथम वृहद प्रान्तीय अधिवेशन पूज्य आचार्य 108 वसुनन्दी जी महाराज ससंघ सानिध्य में आतिशय क्षेत्र महावीर जी के मुख्य मन्दिर के प्रांगण में आयोजित हुआ तथा 108 गुरु भक्तों का विशेष सम्मान किया गया जिसमें महावीर जी क्षेत्र के मंत्री महेन्द्र कुमार जैन पाटनी को ''जिन धर्म प्रचारक'' की मानद उपाधि से अलंकृत किया गया।

# डीआरएम कार्यालय के प्रांगण में भारतीय रेल हैरिटेज प्रदर्शनी का आयोजन




**कोटा. शाबाश इंडिया।** विश्व धरोहर दिवस के अवसर पर मंगलवार, 18 अप्रैल को मंडल रेल प्रबंधक कार्यालय, कोटा के प्रांगण में भारतीय रेल हैरिटेज से संबंधित प्रदर्शनी का आयोजन यांत्रिक विभाग के तत्वावधान में हुआ जिसका उदघाटन मंडल रेल प्रबंधक मनीष तिवारी द्वारा किया गया। प्रदर्शनी में हैरिटेज सैलून, पुराने वैगन एवं लोकोमोटिव के व्हील, स्टीम क्रेन का मॉडल, चार पहिया तेल टैंक वैगन का मॉडल, पुराने मैनुअल, बुक्स एवं ड्राइंग, गेट लैम्प, यांत्रिक सेमाफोर सिगनल, मैगनेटो टेलीफोन, टोकन ब्लाक उपकरण एवं पुरानी घडियों इत्यादि वस्तुओं को प्रदर्शित किया गया।





शाबाश इंडिया
प्रस्तुत करते हैं
स्थापना दिवस विशेषांक
ग्लेज्ड पेपर पर प्रकाशित... आकर्षक छपाई... पूर्णतया रंगीन

अपनी स्थापना के 10 वर्ष पूर्ण होने के अवसर पर शाबाश इंडिया 27 अप्रैल 2023 को 'स्थापना दिवस विशेषांक' प्रकाशित करने जा रहा है। इसमें व्यापार-व्यवसाय, अर्थ जगत, राजनीति एवं सम-सामयिक विषयों पर विश्लेषणात्मक आलेख प्रकाशित किए जाएंगे जो इसे एक संग्रहणीय अंक बनाएंगे।

विज्ञापन दरें

| | | |
|---|---|---|
| फुल पेज | 30x23.5 Cm | ₹21000/- |
| हाफ पेज | 14x23.5 Cm | ₹11000/- |
| क्वार्टर पेज | 14x11.5 Cm | ₹6100/- |
| 7x11.5 Cm. | | ₹3100/- |
| 5.5x11.5 Cm. | | ₹2100/- |

प्रिंट पेपर, सोशल मीडिया, वेबसाईट के जरिए लाखों लोगों तक पहुंचने का मौका

विज्ञापनदाताओं के लिए एक सुनहरा अवसर

उच्च स्तरीय ब्रांडिंग
राज्य के प्रमुख शहरों में प्रबुद्ध पाठक वर्ग होने से उच्च स्तरीय ब्रांडिंग का एक बेहतरीन विकल्प है।

टारगेटेड एडवरटाइजिंग
अधिकतम पाठक मध्यम, उच्च मध्यम एवं उच्च आय वर्ग के हैं, जो विज्ञापन के लिहाज से टारगेटेड कस्टमर होते हैं।

विश्वसनीयता
शाबाश इंडिया की निष्पक्ष व तथ्यपरक खबरों से बनी छवि इसके विज्ञापनदाता की विश्वसनीयता को भी बढ़ाती है।

आकर्षक छपाई
विज्ञापनों की स्पष्ट एवं आकर्षक छपाई के लिए दिल्ली की प्रतिष्ठित प्रेस से ग्लेज्ड पेपर पर पूर्णतया रंगीन प्रकाशित होगा।

स्थापना दिवस विशेषांक में विज्ञापन एवं आलेख प्रकाशित करवाने के लिए सम्पर्क करें:
राकेश गोदिका, प्रधान सम्पादक मोबाइल: 9414078380, 9214078380
shabaasindia.com rakeshgodika@gmail.com, shabaasindia@gmail.com




# महेंद्र सिंघवी बने नोर्दन रीजन चेयरमैन, नोर्दन रीजन का शपथ ग्रहण समारोह संपन्न

**जयपुर. शाबाश इंडिया**

जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन नोर्दन रीजन का वर्ष 2023-25 कार्यकाल के लिए शपथ ग्रहण कार्यक्रम ज्वेल्स बेंकट, वैशाली नगर में आयोजित किया गया जिसमें नोर्दन रीजन के सभी ग्रुप्स के पदाधिकारियों को परिवार सहित आमंत्रित किया गया था। इस कार्यक्रम में जैन सोशल ग्रुप इंटरनेशनल फेडरेशन से अध्यक्ष अमीश दोषी, सेक्रेटरी जनरल चिराग चोकसी, सचिव महेंद्र गिरधरवाल, उपाध्यक्ष मनीष दोषी, राजेंद्र वोरा, राकेश जैन पूर्व अध्यक्ष एवं एच एल मेहता, आई. डी. विशेष तौर पर उपस्थित हुए। कार्यक्रम की शुरूआत णमोकार मंत्र के उच्चारण के साथ की गई। भगवान महावीर के समक्ष दीप प्रज्वलन कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अमीश दोषी एवं मुख्य अतिथि प्रताप सिंह खाचरियावास, मंत्री राजस्थान सरकार एवं उपस्थित अतिथियों द्वारा किया गया। आतिथ्य ग्रुप जैन सौशल ग्रुप संस्कार के अध्यक्ष सुशील छाजेड द्वारा स्वागत उदबोधन से अथितियो का स्वागत किया। कार्यक्रम में विशिष्ट अतिथि के रूप में डॉक्टर सुधीर भंडारी, कुलपति, राजस्थान स्वास्थ्य विश्वविद्यालय, पुनीत कर्नावट, उप महापौर, नगर निगम, इंटरनेशनल डायरेक्टर एच एल मेहता, सी एस जैन, मनीष झांझरी शामिल हुए। शपथ ग्रहण अधिकारी के रूप में राकेश जैन, पूर्व अध्यक्ष, फेडरेशन शामिल हुए जिन्होंने वर्ष 2023-25 की नोर्दन रीजन टीम को महेंद्र सिंघवी चेयरमैन के नेतृत्व में शपथ दिलवाई साथ ही जैन सोशल ग्रुप संस्कार टीम को भी सुशील छाजेड, अध्यक्ष के नेतृत्व में शपथ दिलवाई। शपथ ग्रहण के उपरान्त महेंद्र सिंघवी ने नोर्दन रीजन चेयरमैन के रूप में अपना उदबोधन देते हुए वर्ष 2023-25 में किये जाने वाले कार्यक्रमो के सम्बन्ध में उपस्थित अतिथियों एवं सदस्यों को अवगत करवाया। कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे अमीश दोषी एवं मुख्य अतिथि के रूप में प्रताप सिंह खाचरियावास, मंत्री राजस्थान सरकार ने भी जन समुदाय को संबोधित किया। इसके उपरान्त संगीत संध्या का आयोजन किया गया जिसका सभी ने भरपूर आनंद लिया। इस कार्यक्रम में 700 से अधिक दंपति सदस्यों ने अपनी सहभागिता निभाई। शपथ ग्रहण कार्यक्रम का मंच संचालन रवि प्रकाश जैन, पूर्व वाईस चेयरमैन, नोर्दन रीजन द्वारा किया गया। कार्यक्रम के अंत में सिद्धार्थ जैन रीजन सचिव ने आतिथ्य ग्रुप जैन सोशल ग्रुप संस्कार की पूरी टीम को धन्यवाद देते हुए कार्यक्रम में उपस्थित सभी सदस्यों एवं अतिथियों का धन्यवाद ज्ञापित किया।

